## संक्षिप्त

### शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**चाकसू।** राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू में बुधवार को खेलकूद एवं सांस्कृतिक के अंतर्गत कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एल. कुल्हरी ने छात्राओं को कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताओं के नियमों को समझाते हुए किया। कैरम प्रतियोगिता में टीम ए में तृतीय वर्ष की मनीषा गुर्जर एवं प्रथम वर्ष की नीलम सेन एवम् टीम बी में प्रथम वर्ष की आरती मीणा एवं तृतीय वर्ष की सुमित्रा मीणा के मध्य कैरम प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें टीम ए मनीषा गुर्जर एवम् नीलम सेन विजयी रही। शतरंज प्रतियोगिता में दो छात्राओं ने भाग लिया। द्वितीय वर्ष की पुष्पा मीणा एवं तृतीय वर्ष की मुस्कान मीना में शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ हुई, जिसमें तृतीय वर्ष की मुस्कान मीना विजेता रही। प्रतियोगिताएं डॉ.अनुराधा शर्मा के निर्देशन में पूर्ण हुई। निर्णायक गण की भूमिका में डॉ.मंजूलता शर्मा एवं डॉ. आशा सुनारीवाल रहे। छात्राओं ने बहुत ही उत्सुकता से इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

### टीबी मुक्त करवाने के दिये निर्देश

**कोटपूतली।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने जिले के टीबी कार्यक्रम अभियान की प्रगति की समीक्षा की। सीएमएचओ ने विभाग द्वारा निर्धारित 06 मापदंड के आधार पर सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करवाने के निर्देश दिये। साथ ही संस्था पर आने वाले टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग कर उनका समय पर उपचार प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

# भूजल, जल संरक्षण एवं भूमिजल पुनर्भरण को लेकर हुआ मंथन

कार्यक्रम को सम्बोधित करती जिला कलेक्टर।

- एक दिवसीय विशेष जल संवाद कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली-बहरोड़।** केंद्रीय भूजल बोर्ड, रीको नीमराना एवं नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में औद्योगिक परिपेक्ष में प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय विशेष जल संवाद का आयोजन निजी विश्वविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्पना अग्रवाल ने नीमराना औद्योगिक क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को सराहा नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के स्वच्छ नीमराना, हरित नीमराना, सुरक्षित नीमराना एवं विकसित नीमराना के स्लोगन को सार्थकता प्राप्त होते देख प्रसन्नता जाहिर की। विश्वविद्यालय के सीईओ मेजर जनरल एके सिंह ने यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए शोध एवं प्रवाह क्षेत्र में अतिक्रमण सहित विभिन्न बनाए गए पोखर, तालाब, एनीकेट के बारे में जानकारी प्रदान की।

केंद्रीय भूजल बोर्ड राजस्थान के क्षेत्रीय निदेशक मनोहर सिंह राठौड़ ने भूजल बोर्ड द्वारा जारी होने वाली अनापत्ति प्रमाण पत्रों के लिए 50 से अधिक आवेदनों के निस्तारण के लिए सूचना पर नीमराना में ही इस प्रकार कैंप लगा कर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कराने की बात कही। राजस्थान भूजल बोर्ड के वैज्ञानिक विपिन कुमार मलिक ने गहराते भूजल पर उच्च श्रेणी के शोध कर बनाई हुई प्रस्तुति से नीमराना में गिरते भूजल एवं उसके पुनर्भरण की योजनाओं पर प्रकाश डाला व वैज्ञानिक प्रिया कंवर ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डालते हुए निवारण के उपायों को साझा किया। नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल कौशिक ने औद्योगिक क्षेत्र में शीघ्रता से गिरते भूजल स्तर को नियंत्रित करने एवं भू जलस्तर में वृद्धि करने के लिए अपने सुझाव दिए ताकि औद्योगिक विकास एवं उत्पादन निरंतर चलता रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार केके शर्मा ने की। उक्त मंथन में नाली विधि द्वारा भूमिजल में पुनर्भरण, परकोलेशन टैंक, चेकडैम, नलकूप, फ्लैडिंग, छतों से प्राप्त वर्षा जल, भूमिगत बांध, रिचार्ज पिट द्वारा भूमि पुनर्भरण तथा ड्रिप सिंचाई, फव्वारा सिंचाई द्वारा भूजल संरक्षण संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में पुलिस उप अधीक्षक सचिन शर्मा, थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक आर.के. सिंह, एस.आई. हसन, भूजल बोर्ड से वैज्ञानिक विपिन कुमार मलिक, प्रिया कंवर, पीके वर्मा, आर के वर्मा, एल.एम. माथुर, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् की स्थाई सदस्य रुकमणी कौशिक, रीता माथुर, अनिल शर्मा, अमित यादव, विपिन गोयल, केशवाना औद्योगिक संघ के अध्यक्ष रमेश सांखला, सोतानाला औद्योगिक संघ के अध्यक्ष जेपी चौधरी, बहरोड़ औद्योगिक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, शाहजहांपुर के अध्यक्ष ऋषिराज यादव, शाहजहांपुर औद्योगिक संघ के अध्यक्ष बिजेंद्र चौधरी, घीलौट औद्योगिक संघ के अध्यक्ष चरण सिंह यादव, विशाल बग्गा, हेमेंद्र सिंह, विकास कुमावत, संजय राणा, संदीप यादव, जोगेंद्र सिंह, जयसिंह, पंकज कुमार, अजीत सिंह, संजय यादव, ईश्वर सिंह, मनीष कुक्कड़, अजय गौड, अनिल कुमार, संदीप कुमार, तथा औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधक एवं मानव संसाधन प्रबंधक उपस्थित रहे।

### शिविर का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बुचारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को नोडल अधिकारी बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। बीसीएमओ ने शिविर का निरीक्षण कर आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण,कॉमन कैंसर, टीबी, अंधता रोगी की स्क्रीनिंग, ईसीजी सहित 37 प्रकार की निरूशुल्क जांच कर उपचार किया गया। आरबीएसके टीम द्वारा छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग कर उपचार किया गया। जिनका निरन्तर फॉलोअप किया जावेगा। बीसीएमओ ने शिविर के सफल आयोजन के लिये चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. तनिषा गोयल, डॉ. योगिता कुमावत, यामिनी त्रहान, शैलेष यादव एवं चिकित्सालय स्टॉफ को धन्यवाद् दिया। 31 जनवरी को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के फॉलोअप कैम्प का आयोजन राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपूतली में प्रातरू 09 बजे से किया जायेगा।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया

पंचायत क्षेत्र का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारी व अधिकारी का स्वागत अभिनन्दन करते हुए सरपंच ।

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काजीपुरा का जिला परिषद जयपुर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्थानीय सरपंच नवरतन कुमावत ने बताया कि इस दौरान अधिकारी ने पंचायत परिसर में नरेगा योजना के अंतर्गत हुए नर्सरी विकास कार्यों के साथ ही संपूर्ण ग्राम पंचायत परिसर का निरीक्षण किया।

वहीं सरपंच ने आगे बताया कि निरीक्षण के बाद पंचायत की करीब 3 बीघा जमीन जो कि उबड़ खाबड़ और बेडोल है उस पर गौर फरमाते हुए उक्त भूमि को समतल करवाकर वहां पर छायादार व फलदार पौधे लगाये जाने के निर्देश दिये। जबकि ग्राम पंचायत परिसर की साफ सफाई कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इसके अलावा क्षेत्र में चल रहे मनरेगा कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। इसके बाद वहीं खारड़ा भूमि पुलिया के पास से कच्ची नहर की खुदाई का कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि टास्क के अनुसार संपूर्ण कार्य किया जाये।

इसी क्रम में सरपंच ने बताया कि कच्ची नहर की खुदाई कार्य एवं एनिकट निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत डोर टू डोर कचरा संग्रहण के संबंध में भी उचित दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा, पंचायत समिति सहायक अभियंता नन्दा देवी कुमावत, कनिष्ठ तकनीकी सहायक हरिओम एवं रिंकू वर्मा, सहायक विकास अधिकारी राकेश बेनीवाल, ग्राम विकास अधिकारी कमल किशोर शर्मा एवं कनिष्ठ सहायक मुकेश कुमावत सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण कार्यक्रम

भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित किया ।

- सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में राजयोगी बीके प्रहलाद व बीके किस्कंधा का अलौकिक जन्मदिवस भी मनाया

**टोंक।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, साथ ही सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में राजयोगी बीके प्रहलाद व बीके किस्कंधा का अलौकिक जन्मदिवस भी मनाया गया। गौरतलब हैं की राजयोगी बीके प्रहलाद व बीके किस्कंधा पिछले तीस वर्षो से संस्थान से जुड़कर घरदृगृहस्थ में रहते हुए पवित्रता की धारणा के साथ संयम के मार्ग पर चल रहे हैं। वही बीके प्रहलाद संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू सहित भारत विभिन्न राज्यों में किसानों को शाश्वत योगिक खेती का प्रशिक्षण देते हैं, उन्हें कई राज्य सरकार इस कार्य के लिए सम्मानित कर चुकी है। इस अवसर पर मेहसाना गुजरात से पधारी ब्रह्माकुमारीज,कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी बीके सरला ने राजयोगी बीके प्रहलाद व बीके किस्कंधा को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता अर्थात पवित्रता के द्वारा आंतरिक शक्तियों का विकास होता है जिससे स्वत: ही लौकिक और अलौकिक परिवार में बैलेंस स्थापित कर पाते है। कार्यक्रम के समापन में स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए ईश्वरीय सौगात भेट की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रह्माकुमारीज टोडारायसिंह प्रभारी बीके पूनम ने किया।

### लोगों के सहयोग से कर रहे गौ सेवा कार्य

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र में इन दिनों लोगों में गौ सेवा के लिए अपार उत्साह एवं श्रद्धा देखने को मिल रही है।

संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के तत्वाधान में गौ सेवकों द्वारा क्षेत्र में समाज के विभिन्न लोगों (गौ सेवको) सुरेश यादव, सुरेंद्र यादव, जीतू हुलड़ा, ओमप्रकाश स्वामी, रोहतास यादव, दिनेश यादव, पंकज जिंदल, भीम सिंह राठी, श्रीराम यादव, शीशराम यादव, सैंनकी अग्रवाल, शरद वशिष्ठ, मदन सैनी सहित बहुत से गौ सेवको के सहयोग से निराश्रित गौवंश के लिए सब्जी चारा भूसा एकत्रित कर सर्दियों में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों जोधपुरा , किडारोध गौ शाला, जयसिंहपुरा खुले में विचरण कर रहा गौ वंश, गोपाल भैया मंदिर के पीछे खुले में विचरण कर रहे भूख से बेहाल निराश्रित गौवंश को खिलाने का कार्य किया जा रहा है।

# 'पंचायती राज की योजनाओं में प्रगति लाएं'

**टोंक।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की क्रियान्विति एवं प्रगति को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार एवं जिले के सभी विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एमजेएसए, मनरेगा में जिले की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने सभी बीडीओ से स्वीकृत आवासों में जारी व बकाया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त, पूर्ण आवास, अपूर्ण आवास की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिए कि अपूर्ण आवास को शीघ्र पूर्ण कराएं जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही, जो लाभार्थी बार-बार समझाइश के बाद भी आवास नहीं बना रहे है, उनके विरूद्ध रिकवरी की कार्यवाही अमल में लाई जाएं। इसके लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में एलआर एक्ट में कार्यवाही के लिए भी लिखे। जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी उनियारा एवं सहायक अभियंता के आधी-अधूरी जानकारी के साथ मीटिंग में आने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने दोनों को 17 सीसी के नोटिस जारी करने के लिए सीईओ को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में स्वीकृत, पूर्ण, प्रगतिरत एवं आरंभ हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए इन्हें शीघ्र पूर्ण कराकर आमजन को इसका लाभ दिए जाने पर जोर दिया। स्वच्छ भारत मिशन में ग्राम पंचायतों की सफाई एवं एमजेएसए व मनरेगा में प्रगतिरत कामों की जानकारी ली।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अजय कुमार जैन से बदलकर अजय पारख पुत्र लाभचन्द पारख निवासी 3968 मोतीसिंह भौमियों का रास्ता जौहरी बाजार जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे अजय पारख के नाम से जाना पहचाना जावें

मैं सोनू कुमार सोनी पुत्र श्री सुरेश चन्द्र सोनी निवासी प्लॉट नंबर 5-ए, बाबा कॉलोनी, गोनेर रोड, जयपुर ने भविष्य के लिए अपने पुत्र के विद्यालय रिकार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में मेरी धर्मपत्नी का नाम अनीता सोनी से बदलकर पूर्णिमा सोनी कर दिया है दोनों ही नाम मेरी धर्मपत्नी के है।

मेरी पुत्री का सही नाम अहाना बक्शी व मेरा नाम नीतिका नागपाल है जबकि कुछ कागजातों में यह अहाना नागपाल व नीतिका तुषार बक्शी अंकित है। भविष्य में मेरी पुत्री को अहाना बक्शी पुत्री नीतिका नागपाल निवासी 145 फ्रन्टीयर कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर के नाम से जाना जाये।

मैंने शादी के पश्चात अपना नाम सुमन सोनी से बदलकर सुमन देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सुमन देवी पत्नी श्री रमाकान्त सोनी निवासी 83 जाट के कुऐ का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर के नाम से जाना जाये।

मैं, नीरज राय पत्नी हवलदार आलोक कुमार राय निवासी एम.एच. जयपुर सी/ओ 56 एपीओ ने प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट जयपुर के समक्ष दिनांक 21.12.2024 के शपथ पत्र के माध्यम से मेरा नाम नीरज राय (Niraj Rai) से बदलकर नीरज राय (Neeraj Rai) कर दिया है।

मैंने मेरा नाम महेश कुमार गंगाधर चन्दनकर एवं जन्मतिथि 27.07.1987 से बदलकर महेश जी चन्दकर जन्म दिनांक 27.05.1987 रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। फ्लैट नं. एल-215 आशियाना दक्ष, ब्लॉक बी-2 विलेज श्रीकिशनपुरा, नियर जीवन रेखा हॉस्पिटल, महल रोड, जगतपुरा

I Sunil Kumar Army No. 15707976L Rank CHM R/o Dhani Tetarwalo ki VPO Sirohi Tehsil Neem Ka thana, Sikar Rajasthan 332714 have changed my wife Name pooja devi to Pooja Kumari and My mother's Name from Sajana devi to Sajana and DOB 10.11.1968 to 01.01.11968 in my service record for all future purposes.

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर**
5 वीं व 6ठी मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805, Email: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक:-1244/25 **आम सूचना** दिनांक:-22/01/2025
संघ की आवासीय योजना कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर का भवन संख्या-2-ग-13 की कन्वेंस डीड एवं परप्यूचल लीज श्री मुकेश नवलकिशोर मिश्रा के पुत्र श्री नवलकिशोर मिश्रा के नाम जारी की गई थी, जो 11.03.1987 को रजिस्टर्ड हुई। श्री मुकेश नवलकिशोर मिश्रा के पुत्र श्री अमीश मिश्रा द्वारा उनके पिताजी व माताजी श्रीमती रीता मिश्रा के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं उनकी बहिन पावनी मिश्रा का रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र प्रस्तुत कर उक्त भवन स्वयं के नाम हस्तांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त भवन के हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो, संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा भवन संख्या-2-ग-13 कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर को श्री अमीश मिश्रा के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा। ( योगेश शर्मा ) प्रबंध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि. जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/2024/डी-2917
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-06.12.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री केशव देव पुत्र श्री मुन्ना लाल द्वारा सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर दी जयपुर बालमिकी गृ.नि.स. समिति की योजना दधिची नगर के आवासीय भूखण्ड संख्या B6&B7 (NEW)/A6&A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। उक्त भूखण्ड सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र में अध्यक्ष के हस्ताक्षर भिन्नता होने के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया जाना है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा भूखण्ड संख्या B6&B7 (NEW)/A6&A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का श्री केशवदेव पुत्र श्री मुन्ना लाल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-6, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/2024/डी-2916
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-06.12.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री मांगीलाल द्वारा सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर दी जयपुर बालमिकी गृ.नि.स. समिति की योजना दधिची नगर के आवासीय भूखण्ड संख्या B6&B7 (NEW)/A6&A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। उक्त भूखण्ड सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र में अध्यक्ष के हस्ताक्षर भिन्नता होने के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया जाना है। अत इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा भूखण्ड संख्या B6&B7 (NEW)/A6&A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री मांगीलाल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
ऊपायुक्त जोन-6, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 02/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम राधेश्याम शर्मा पुत्र नाथूराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवास स्थान बाछडी मौहल्ला वार्ड नं. 12 शाहपुरा जि. जयपुर
मृतक नाथूराम शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- .....
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम नाथूराम शर्मा पुत्र गंगाराम उर्फ गोगाराम जाति ब्राह्मण निवासी बाछडी मौहल्ला वार्ड नं. 12 शाहपुरा जि. जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 19 माह 02 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 28 माह 01 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला सैंशन न्यायालय सं.1, शाहपुरा जयपुर

**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
क्रमांक-एफ-56()सि.ला.जो./ननिज/2024/3682
दिनांक-27.01.2025
**अनापत्ति आमंत्रण सूचना**
भूखण्ड संख्या 892 जे पी कॉलोनी सेक्टर नं. 3 जयपुर का पट्टा जयपुर नगर निगम द्वारा श्री भावका पुत्र श्री कानजी के नाम से जारी किया गया था। जिसके पश्चात श्री भावका द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्री अब्दुल हफीज पुत्र श्री अब्दुल शकुर को उक्त भूखण्ड का बेचान किया गया। उक्त विक्रय पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्री अब्दुल हफीज पुत्र श्री अब्दुल शकुर के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम हस्तान्तरण के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्तारकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें अन्यथा सात दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड में नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, सिविल लाईन जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**खोया पाया**
मेरे प्लाट नं. 27 बालाजी एन्कलेव-द्वितीय मानपुर टीलावाला, तह. सांगानेर जयपुर के मूल कागजात (आवंटन पत्र, साइट प्लान, रसीद) गुम हो गये है जिसे धन्नादास की बगीची गृह निर्माण समिति लि. ने जारी किया था। मिलने पर सम्पर्क-राजू देवी-9511538271
मैं शौकत बेग पुत्र यूसुफ बेग निवासी 16 जयसिंग नगर जयसिंहपुरा खोर जयपुर। मेरी प्रोपर्टी प्लॉट 43 जयसिंग नगर एनएच-8 किलनगढ जयपुर की रजिस्ट्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र नाथु लाल शर्मा द्वारा तोलाराम कोडवानी पुत्र गोपालदास कोडवानी के हक में की गई थी जो कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें-9352064710

**कार्यालय नगर परिषद धौलपुर**
क्रमांक/भूमि/2024-25/9117-18 प्रारूप 10 नियम 6(7) के तहत दिनांक-20.01.2025
**लोक सूचना**
श्री अभिषेक पुत्र अखलेश, श्री चन्द्रप्रकाश पुत्र रामनिवास, श्रीमती शीला पत्नी रामनिवास, श्री सूरज पुत्र रामनिवास, सागर पुत्र राकेश निवासीगण धौलपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिति भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र | उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| धौलपुर | ओडेला | 465/190 | 0.1517 है. | गैर कृषि आवासीय |

इस सम्बन्ध में समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। उक्त सूचना को समस्त खातेदारान अपनी व्यक्तिगत सूचना समझे।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 20.01.2025 को जारी की गयी।
(अशोक कुमार शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद धौलपुर

प्ररूप-10 (नियम 6(7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका मण्डल, देवली (टोंक) राज.**
क्रमांक-न.पा.दे./कृषि भूमि/2024-25/9771 दिनांक-28.01.2025
**लोक सूचना**
श्री अरूण सिंह पुत्र श्री भरत सिंह शक्तावत, निवासी कुंचलवाडा कलां, तह. जहाजपुर जिला भीलवाडा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिति भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | रकबा/क्षेत्र (वर्गमीटर) | मास्टर प्लान में दर्शित भू-उपयोग | भू-उपयोग का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| तह.जहाजपुर जिला भीलवाड | ऊंचा | 1798/1343 | 0.7203 है. | मास्टर प्लान में आवासीय | आवासीय से आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28.01.2025 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका देवली

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय उप निदेशक उद्यान, भरतपुर**
क्रमांक:- 1918-20 दिनांक: 28.01.2025
**खुली निविदा सूचना**
कार्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 में कृषक प्रशिक्षण/सेमीनार कार्यक्रमों में भोजन व्यवस्था/बैग, स्टेशनरी क्रय की निविदा दिनांक 07.02.2025 समय 11:00 AM तक निविदा शुल्क 200 रूपये प्रति निविदा प्रपत्र प्राप्त की जाकर दिनांक उसी दिन समय 12:00 PM तक जमा की जायेंगी। निविदा की समस्त शर्तें एवं निविदा फार्म एस.पी.पी. पोर्टल पर एवं कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
( जनक राज मीना )
उप निदेशक उद्यान
भरतपुर
NIB Code- HOR2425A0142
UBN Code- HOR2425SSOB00141

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है सम्पत्ति पट्टा नम्बर 1051 ग्राम पंचायत बिचून तहसील मौजमाबाद (दूदू) जिला जयपुर जिसका त्रफल 174.67 वर्गगज है जिसका पट्टा पंचायत द्वारा श्री ओमप्रकाश एवं श्री रमेशचन्द सैन के नाम जारी किया गया था इन दोनों के द्वारा जरिये विक्रय पत्र श्रीमती सन्तोष देवी पत्नि स्व. सत्यनारायण सोनी के हक मे हुआ और सन्तोष देवी की मृत्यु के बाद इनके दो पुत्र हुए श्री शंकर लाल व श्री शम्भू दयाल सोनी द्वारा जरिये विक्रय पत्र से श्री रंजन कुलवाल पुत्र श्री रामजीलाल कुलवाल को विक्रय कर दिया था वर्तमान मे मेरे अभिभाष्य श्री रंजन कुलवाल का स्वामित्व है तथा रंजन कुलवाल द्वारा उक्त सम्पत्ति पर आईडीएफसी बैंक से ऋण लिया जा रहा है इसमें किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ मुझ से संपर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी व्य